


# सांध्य दैनिक 4PM



आप तभी गरीब हैं, जब आप हार मान लेते हैं। सबसे जरूरी चीज है की आपने कुछ किया। ज्यादातर लोग केवल अमीर बनने की बात करते हैं और सपने देखते हैं। आपने कुछ किया है। रॉबर्ट कियोसाकी

मूल्य ₹ 3/-

जिद...सच की

www.4pm.co.in www.facebook.com/4pmnewsnetwork @Editor_Sanjay YouTube @4pm NEWS NETWORK

• वर्षः 9 • अंकः 276 • पृष्ठः 8 • लखनऊ, बुधवार, 15 नवम्बर, 2023



जोकोविच फिर बनाएंगे अनोखा... 7 | चुनावी बिसात पर शुरू हो गया... 3 | हमारे कामों की कॉपी कर रहे... 2


# चुनाव प्रचार के सहारे मोदी पर तीखा प्रहार

## कांग्रेस और बीजेपी में वार-पलटवार

## गहलोत बोले- प्रधानमंत्री पद की गरिमा को किया तार-तार

» पीएम को बताया गंदी सोच वाला व फासिस्ट

» आसम के सीएम बोले- पीएम जैसा दूसरा कोई नहीं


4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

जयपुर। मध्यप्रदेश में आज चुनाव प्रचार का अंतिम दिन है। कांग्रेस, बीजेपी से लेकर सारे दलों के नेता पूरे राज्य में ताबड़तोड़ प्रचार अभियान में लगे हैं। सारे नेता एक दूसरे पर जमकर हमला भी बोल रहे हैं। उधर राजस्थान में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और बीजेपी के नेताओं के बीच जुबानी जंग भी बढ़ती जा रही है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार (15 नवंबर) को पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री पद की गरिमा होती है, वह बयान के जरिये नेताओं पर छींटाकशी कर रहे हैं, पीएम मोदी मणिपुर क्यों नहीं गए,मणिपुर में आग लगी हुई थी और पीएम राजस्थान की जिक्र कर रहे थे, मोदी जी की सोच गंदी है और फासिस्ट है, हम काम के भरोसे ये चुनाव जीत रहे हैं।

वहीं शिवसेना उद्धवगुट के नेता संजय राउत ने कहा है कि राहुल से डर गए हैं मोदी। गौरतलब हो कि पीएम मोदी ने मंगलवार (14 नवंबर) को बैतूल में एक जनसभा में बिना नाम लिए राहुल पर तंज कसा था, प्रधानमंत्री ने राहुल के मेड इन चाइना फोन वाले बयान पर कहा था कि, कल कांग्रेस के एक महाज्ञानी कह रहे थे कि भारत में सब लोगों के पास मेड इन चाइना मोबाइल फोन होता है, अरे मूर्खों के सरदार, किस दुनिया में रहते हो! कांग्रेस के नेताओं को अपने देश की उपलब्धियां न देखने की मानसिक बीमारी हो गई है, जबकि सच्चाई ये है कि आज भारत दुनिया में मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता है। बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी राजस्थान में अपनी हर जनसभा में अशोक गहलोत सरकार और कांग्रेस पर हमला बोल रहे हैं। पिछले महीने मोदी ने कहा था कि जनता का संदेश कांग्रेस के नेताओं तक पहुंच चुका है। यहां मुख्यमंत्री गहलोत जी को भी पता है कि कांग्रेस सरकार की विदाई का काउंटडाउन शुरू हो चुका है।



## बीजेपी वालों को भी कांग्रेस की गारंटी का लाभ मिलेगा : बघेल



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस नहीं, बल्कि बीजेपी कार्यकर्ताओं के लिए एक संदेश जारी किया है, सीएम का यह बयान राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है, दरअसल, बघेल ने बीजेपी वर्कर्स से कांग्रेस को जीत दिलाने की बात कही है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, भाजपा के कार्यकर्ता भी ध्यान दें, सरकार तो कांग्रेस की ही बन रही आपको पता है, उन्होंने आगे बताया कि कांग्रेस अगर सत्ता में वापस आती है तो पार्टी की गारंटियों का लाभ बीजेपी के कार्यकर्ताओं को भी मिलेगा, इसी के साथ उन्होंने अपने सात वादे गिनाए. सीएम बघेल ने ट्वीट में आगे लिखा, फिर से भरोसे की सरकार बनने पर कर्जा आपका भी माफ़ होगा, धान आप भी 20 क्विंटल/एकड़ बेच रहे हैं, धान का 3200 रुपए/क्विंटल आपको भी मिलेगा। बिजली बिल 200 यूनिट आपका भी फ्री होगा। आपके बच्चों को भी फ्री शिक्षा मिलेगी। 15000 रुपए सालाना आपके घर की सभी महिलाओं को भी मिलेगा। हर बार सिलेंडर रीफिल कराने पर 500 रुपए की सब्सिडी माता-बहनों के खाते में आएगी। तो फिर क्या... जीत का अंतर और बढ़ाइए।

## मोदी की बराबरी मुमकिन नहीं : हिमंता बिस्वा सरमा



असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश ही नहीं दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं और देश में अभी कोई नेता ऐसा नहीं है जो उनके कद की बराबरी कर सके। वह अमेरिका जाते हैं वहां उनका सम्मान किया जाता है, वह दुनिया के जिस देश में भी जाते हैं वहां उनका सम्मान होता है, ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि सब जानते हैं कि मोदी है तो मुमकिन है। असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने छत्तीसगढ़ के लोगों को बताया कि आखिर पीएम मोदी पर लोग क्यों भरोसा करते हैं, उन्होंने कहा, क्योंकि पीएम मोदी आम आदमी की तकलीफों को समझते हैं और उनको पूरा करने की पूरी कोशिश करते हैं, इसलिए लोगों को उन पर विश्वास है कि उनकी उम्मीदों को सिर्फ पीएम मोदी ही पूरा कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय सुरक्षा और नशे के कारोबार से जुड़े मामले पर क्यों चुप है बीजेपी : कमलनाथ

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे के वायरल वीडियो को लेकर बड़े सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि अब यह मामला राष्ट्रीय सुरक्षा और नशे के कारोबार से जुड़ता दिखाई दे रहा है। इसकी जांच तत्परता से होनी चाहिए। पीसीसी चीफ ने एक्स पर लिखा कि मैं भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से जानना चाहता हूं कि उनके लिए सबसे पहले पार्टी और परिवार का हित है या देशहित। केंद्रीय मंत्री और विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे के तीन वीडियो अब तक सामने आ चुके हैं। कथित तौर पर 100 करोड़ रुपये के लेनदेन से शुरू हुआ मामला अब दस हजार करोड़ रुपये तक के लेनदेन तक पहुंच चुका है। इसमें मादक पदार्थों के व्यापार और कनाडा से सीधा संबंध दिखाया जा रहा है। यह मामला अब किसी व्यक्ति या पार्टी का नहीं है। बल्कि सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा और नशे के कारोबार से जुड़ता हुआ दिख रहा है। कमलनाथ ने लिखा कि इसकी तत्परता से जांच होनी चाहिए। ताकि पता चल सके कि सच क्या है और झूठ क्या है? लेकिन दुख की बात यह है कि भाजपा का पूरा राष्ट्रीय नेतृत्व इस समय मध्यप्रदेश में है और मध्य प्रदेश में जारी हुए राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े इस मुद्दे पर कोई एक शब्द तक नहीं बोल रहा। नाथ ने कहा कि मैं आगाह करता हूं कि जो लोग राष्ट्रहित के सामने निजी हित को आगे रख रहे हैं, उन्हें मध्यप्रदेश माफ नहीं करेगा।

» केंद्रीय मंत्री के बेटे पर दस हजार करोड़ के लेनदेन का आरोप

### नरेंद्र तोमर के बेटे के अब तक तीन वीडियो आए

बता दें कि केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। उनके बेटे देवेंद्र तोमर के अब तक तीन विवादित वीडियो आ चुके हैं। वहीं, नरेंद्र सिंह तोमर इस पूरे मामले को कांग्रेस का षड्यंत्र बता रहे हैं। उनका कहना है कि उन्होंने खुद इसकी जांच के लिए आवेदन दिया है। तोमर के साथ ही पूरी भाजपा इस मुद्दे पर सफाई देने में जुट गई है। इधर, वीडियो में दिखाई दे रहे दूसरे व्यक्ति ने एक वीडियो जारी कर इस वीडियो के सही होने की पुष्टि की है।

## राहुल बनेंगे पीएम इसलिए मोदी डरते हैं : राउत



संजय राउत ने कहा कि राहुल गांधी अब पूरे देश में लोकप्रिय हैं और भाजपा पांच राज्यों (राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम) में विधानसभा चुनाव हारने जा रही है। वह (पीएम मोदी) जानते हैं कि वह (राहुल गांधी) 2024 में पीएम बनेंगे और इसीलिए वह डरते हैं।

# हमारे कामों की कॉपी कर रहे शिवराज : अखिलेश

» बोले- डबल इंजन की सरकार के इंजन आपस में टकरा रहे

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

भोपाल। अखिलेश यादव ने मप्र के बुधनी में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मिर्ची बाबा का सहयोग और समर्थन करन की जनता से अपील की। समाजवादी पार्टी प्रमुख ने आगे कहा कि यह डबल इंजन की सरकार के इंजन आपस में टकरा रहे हैं। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री बनने के इतने दावेदार हैं, जितने यहां पर संभाग नहीं हैं। केंद्रीय मंत्रियों को विधानसभा चुनाव में उतारने पर अखिलेश यादव बोले कि राजनीति में प्रमोशन होता है, लेकिन मप्र पहला प्रदेश है जहां राजनीति में डिमोशन हुआ है।

एमपी में डबल इंजन की सरकार है और एक सड़क बता दो यहां जिस पर इमरजेंसी में हवाई जहाज उतर सके, यूपी में समाजवादी पार्टी की सरकार ने महिलाओं को पेंशन दी, उसी की कॉपी करके एमपी में लाड़ली बहना योजना चला रहे हैं। वहीं, उन्होंने योगी आदित्यनाथ से मिर्ची बाबा की तुलना करते हुए कहा कि हमारे बाबा भी उत्तर प्रदेश वाले बाबा से कम नहीं हैं, और दोनों को साथ खड़ा कर दिया जाए तो हमारे 20 और वह 19 ही निकलेंगे। उधर लोकसभा चुनाव में एनडीए को चुनौती देने के लिए बने इंडिया गठबंधन अब खुद की पार्टियों के लिए चुनौती पेश कर रहा है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान इंडिया गठबंधन की पार्टियों में मतभेद खुलकर सामने आई है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने चुनाव प्रचार के दौरान खुलकर कांग्रेस पर जुबानी हमले किए तो कांग्रेस के नेताओं ने भी पलटवार किया है। दोनों पार्टियों के बीच जुबानी जंग इतनी बढ़ी की मध्य प्रदेश में सभा के दौरान अखिलेश ने बीजेपी के साथ-साथ कांग्रेस पर भी हमला तेजज कर दिया।



## भाजपा के दो सांसदों की ममता-अखिलेश से हुई बात

भाजपा के दो सांसद इंडिया गठबंधन से चुनाव लड़ सकते हैं। इन दोनों के अपनी पार्टी के साथ संबंध सहज नहीं हैं। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी उनके लिए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से बात भी कर चुकी हैं। माना जा रहा है कि विपक्षी गठबंधन इन दोनों मौजूदा सांसदों पर दांव लगा सकता है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टियां और नेता हर स्तर पर एक-दूसरे के संपर्क में हैं। यह करीब-करीब तय है कि अधिकतर प्रमुख पार्टियां यह चुनाव दो मुख्य खेमों में बंटकर ही लड़ेंगी। इसलिए जिसके भी समीकरण अपनी पार्टी में बिगड़े हुए हैं या इसकी आशंका है, वे विरोधी खेमे के नेताओं के संपर्क में हैं। रूहेलखंड के भाजपा के एक सांसद लगातार अपनी पार्टी की नीतियों के खिलाफ सार्वजनिक बयान दे रहे हैं। एक और सांसद भी अपने सत्ताधारी दल में अपेक्षित महत्व न मिलने से अलग रास्ता पकड़ने की तैयारी में हैं। इंडिया की समन्वय समिति के सूत्रों के मुताबिक, इन दोनों सांसदों को लग रहा है कि उनकी पार्टी इस बार उन्हें टिकट नहीं देगी। इसलिए उन्होंने ममता बनर्जी से संपर्क साधा। उनका इरादा है कि लोकसभा चुनाव में उन्हें इंडिया गठबंधन का समर्थन मिल जाए। इसके लिए या तो वे इंडिया गठबंधन के किसी दल से चुनाव लड़ लें या फिर निर्दल प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरें और इंडिया गठबंधन भी उनका समर्थन कर दे। बताते हैं कि सपा अपने सिंबल पर उन्हें चुनाव लड़ाने के लिए तैयार नहीं है। क्योंकि, उनकी पहले से चली आ रही छवि के चलते सपा के परंपरागत अल्पसंख्यक वोट बैंक के असहज होने की संभावना है। ममता बनर्जी ने तृणमूल के टिकट पर उन्हें लड़ाने का प्रस्ताव रखा है, जिस पर विचार चल रहा है।

# औरतें भी कहें कि हां हमारी पूजा की जाए : सलमा

» स्वामी प्रसाद मौर्य के समर्थन में आईं पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी की पत्नी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



अलीगढ़। पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी की पत्नी सलमा ने स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान का समर्थन कर दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे मुल्क में जहां पर औरते बहुत ज्यादा परेशानी में देखती है, अगर वहां पर ये जज्बा है तो बहुत अच्छी बात है। औरतों को भी कहना चाहिए कि हां हमारी पूजा की जाए। हम क्या कर सकते है सोसाइटी के लिए उसको समझिए। रेप कर, गाली देकर और मारपीट कर बात नहीं बनेगी। एक औरत किसी खानदान को जन्नत बना सकती है और दोजग (नरक) भी। उन्होंने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने बिल्कुल सही बात कही है।

स्वामी प्रसाद मौर्य ने दिवाली के दिन महिलाओं की पूजा करने की बात ट्वीट की थी। इसके साथ ही उन्होंने मां लक्ष्मी को लेकर भी विवादित बात लिखी थी। इससे वो विपक्षी दलों के निशाने पर आ गए। हालांकि महिलाओं की पूजा के नाम पर सलाम अंसारी ने उनका समर्थन किया। वो अलीगढ़ एक कार्यक्रम में आईं थीं। दीपोत्सव के अवसर पर अपनी पत्नी का पूजा और सम्मान करते हुए कहा कि पूरे विश्व के प्रत्येक धर्म, जाति, नस्ल, रंग व देश में पैदा होने वाले बच्चे के दो हाथ, दो पैर, दो कान, दो आंख, दो छिद्रों वाली नाक के साथ एक सिर, पेट व पीठ ही होती है। चार हाथ, आठ हाथ, दस हाथ, बीस हाथ और हजार हाथ वाला बच्चा आज तक पैदा ही नहीं हुआ तो चार हाथ वाली लक्ष्मी कैसे पैदा हो सकती है?

# मुख्य सचिव ने 850 करोड़ का किया घपला : आतिशी

» दिल्ली जमीन घोटाला : मंत्री ने सौंपी सीएम केजरीवाल को 650 पन्नों की रिपोर्ट

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली की सतर्कता मंत्री आतिशी ने बामनोली भूमि अधिग्रहण मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को रिपोर्ट सौंप दी है। मुख्य सचिव नरेश कुमार के खिलाफ शिकायत के संबंध में 650 पेज की प्राथमिक रिपोर्ट तैयार की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया कि मुख्य सचिव के बेटे को एक ऐसे व्यक्ति के रिश्तेदार ने नौकरी पर रखा था, जिसे एक सड़क परियोजना के लिए अधिग्रहीत जमीन के लिए बढ़ा हुआ मुआवजा दिया गया था।

दिल्ली मंत्री ने 650 पन्नों की रिपोर्ट केजरीवाल को सौंपी है। इस मामले में 850 करोड़ रुपये का नाजायज फायदा पहुंचाया गया है। यह जमीन 2015 में द्वारका एक्सप्रेसवे के पास केवल 75 लाख रुपये में खरीदी गई थी। मुख्य सचिव की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। फिलहाल, केजरीवाल ने आतिशी से शिकायत की जांच कराने को कहा था। नरेश कुमार के बेटे के उन जमीन मालिकों के साथ व्यापारिक संबंध हैं जिन्हें फायदा हो रहा है।



# देवेंद्र के वीडियो पर कांग्रेस व भाजपा में रार

» 500 करोड़ रुपये की डील के वीडियो पर बैकफुट पर बीजेपी

» हमें फर्जी चीजों पर समय बर्बाद नहीं करना चाहिए : नरेन्द्र तोमर

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

भोपाल। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे को 500 करोड़ रुपये की डील पर बातचीत करते हुए दिखाने वाला एक वीडियो सोमवार को सामने आने के बाद भाजपा चुनावी राज्य मध्य प्रदेश में बचाव की मुद्रा में है। इस महीने यह दूसरा वीडियो है- पिछले सप्ताह एक वीडियो में देवेन्द्र सिंह तोमर को कुल 139 करोड़ के तीन सौदों पर चर्चा करते हुए दिखाया गया था।

वहीं नरेंद्र तोमर के बेटे ने भी वीडियो को फर्जी बताया है और पुलिस में मामला दर्ज कराया है, वहीं, एक अन्य चुनावी राज्य छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार के आरोपों से जूझ रही कांग्रेस ने प्रवर्तन निदेशालय से स्वतः संज्ञान लेकर जांच की मांग की है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से इस मामले में अपनी चुप्पी तोड़ने को कहा है। वीडियो के बारे में पूछे जाने पर, तोमर ने कहा, हमें फर्जी चीजों पर समय बर्बाद नहीं करना चाहिए, बीजेपी ने उन वीडियो को खारिज कर दिया है, जिनको लेकर कांग्रेस हमलावर है। मध्य प्रदेश भाजपा प्रमुख वीडी शर्मा ने वीडियो को फर्जी बताया और विपक्षी दल पर मतदान से पहले मतदाताओं को परेशान करने के लिए क्लिप जारी करने का आरोप लगाया है।



## देवेन्द्र पर आरोप झूठे तो भाजपा करे खारिज : रागिनी

कांग्रेस पार्टी प्रवक्ता रागिनी नायक ने कहा कि भाजपा की राज्य सरकार 50 प्रतिशत कमीशन का पर्याय बन गई है। दरअसल, यह मई में चुनाव से पहले कर्नाटक में भाजपा द्वारा कांग्रेस पर लगाए गए 40 प्रतिशत सरकार भ्रष्टाचार के तंज के समान है। कांग्रेस ने दक्षिणी राज्य में 224 सीटों में से 135 सीटें जीतकर भाजपा को करारी शिकस्त दी थी। रागिनी नायक ने कहा, (देवेंद्र सिंह तोमर वीडियो के बारे में) स्पष्टीकरण दें या इसे खारिज करें, यदि वे (भाजपा) ऐसा नहीं करते हैं, तो यह माना जाएगा कि इसमें उनका संरक्षण और भागीदारी है, उन्होंने कहा, अगर वीडियो फर्जी है, तो यह पता लगाया जाना चाहिए कि केंद्रीय मंत्री के बेटे को कौन बदनाम कर रहा है?। वहीं राहुल गांधी ने भोपाल में एक रैली में कहा, भाजपा ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिये हैं, उनके एक मंत्री हैं उनका नाम तोमर है और ये वीडियो उनके बेटे का है। वह कह रहे हैं कि 10 करोड़ यहां जाएंगे, 20 करोड़ वहां जाएंगे, 100 करोड़, वह किसके पैसे की बात कर रहे हैं? यह लोगों का पैसा है।

# नीतीश-तेजस्वी सरकार में गुंडाराज : विजय

» जमुई में दारोगा की हत्या का मामला

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पटना। बिहार में एक पुलिस अधिकारी को कथित तौर पर अवैध रूप से खनन की गई रेत ले जा रहे एक ट्रैक्टर ने कुचल दिया। घटना में दो और लोग घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक गढ़ी थाने का प्रभारी था। इस बीच, घायल हुए दो लोगों में एक होम गार्ड भी शामिल है। घटना जमुई के महुलिया टांड़ गांव की है। पुलिस के अनुसार, सीवान जिले के निवासी पुलिस उप-निरीक्षक प्रभात रंजन को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

जमुई के पुलिस अधीक्षक ने एक बयान में कहा कि घटना में शामिल ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है और संदिग्ध चालक की पहचान कर ली गई है। बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने सीएम नीतीश कुमार को जमकर घेरा। उन्होंने बिहार की बर्बादी का जिम्मेदार बताते हुए उनसे माफी की मांग की। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि बिहार में माफिया पूरी तरीके सरकार चला रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार बालू और जमीन माफियाओं के संरक्षण में पूरी सरकार चला रहे हैं। अब नीतीश कुमार लाचार और बेबस मुख्यमंत्री है अब इनको सत्ता में रहने का कोई औचितय नहीं है। उन्होंने कहा कि 15 महीने में ही हागठबंधन के नेताओं की साख गिर गई है और इनके सरकार द्वारा जनहित के मुद्दों की उपेक्षा के कारण राज्य की जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि नीतीश-तेजस्वी की सरकार में, गुंडाराज आ गया है बिहार में।



## इस तरह कह घटना यूपी व एमी में भी हुई : चंद्रशेखर

इस मामले पर अब बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर का शर्मनाक बयान सामने आया है। शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा, ये नई घटना है क्या। ये घटना क्या पहली बार हुई है? इससे पहले कभी नहीं हुई? उत्तर प्रदेश में नहीं होता है? मध्य प्रदेश में नहीं होता है? शिक्षा मंत्री ने आगे कहा कि अपराधी है तो ऐसी घटना होती रहेगी ना। समय-समय पर होती है और अपराधियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाता है। अपराधी ज्यादा देर नहीं बच पाते, 24 से 48 घंटे में अपराधी जेल में होते हैं। चंद्रशेखर ने फिर दोहराया कि ऐसे अपराध नई बात नहीं है।

## प्रधानमंत्री को उनका समर्थन करने के लिए धन्यवाद : मांझी

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने नीतीश कुमार द्वारा उनका अपमान किए जाने के बाद उनके समर्थन में आगे आने के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख मांझी ने यह भी घोषणा की कि वह अपने "अपमान" के विरोध में मंगलवार को यहां प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री दिवंगत राम विलास पासवान या मेरे जैसे दलित नेताओं के प्रति नीतीश की कठोरता के प्रति हमेशा संवेदनशील रहे हैं। बिहार विधानसभा में राज्य सरकार द्वारा बनाए गए आरक्षण के प्रावधान वाले विधेयक पर चर्चा के दौरान जनता दल (यूनाइटेड) (जद-यू) नेता ने मांझी को याद दिलाया था कि हम प्रमुख को मुख्यमंत्री के रूप में अपना संक्षिप्त कार्यकाल देना उनकी "मुर्खता" थी। मांझी ने यह भी कहा किपटना उच्च न्यायालय के निकट बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा के सामने कल मौन प्रदर्शन किया जाएगा।




# चुनावी बिसात पर शुरू हो गया शह-मात

## कांग्रेस का दावा: पांचों राज्यों में बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार

- बीजेपी बोली- खुली कांग्रेस की पोल, नहीं मिलेगा हाथ को साथ
- जनसभाओं में जोर पकड़ रहा आरोप-प्रत्यारोप का दौर
- मोदी-शाह पर भारी पड़ रहे राहुल-प्रियंका

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



जयपुर। पांच राज्यों में चुनावी सभाएं जोर पकड़ रही हैं। 17 नवंबर को होने वाले मतदान से पहले मध्यप्रदेश में कांग्रेस व बीजेपी ने लोगों के बीच जाकर एक-दूसरे पर जोरशोर से हमला तेज कर दिया है। राजस्थान, छत्तीसगढ़ व तेलंगाना में भी वार-पलटवार जारी है। राजस्थान में कांग्रेस कि सीएम अशोक गहलोत बीजेपी पर आरोप लगा रहे हैं कि वह आम जन के मुद्दों को दरकिनार कर धार्मिक एजेंडे के सहारे ही चुनावी वैतरणी पार करने के जुगत में है।

भाजपा कह रही है कांग्रेस का पंजा सिर्फ लूटने को काम करती है। चुनावी में इंडिया व राजद गठबंधन के सदस्य भी मोर्चा संभाले हुए हैं। हालांकि कहीं-कहीं दोनों गठबंधनों के सदस्य दल अपने ही साथियों पर भी हमलावार हैं। पर उन सबके बाद दोनों ही प्रमुख दल जीत को लेकर आश्वस्त हैं। खैर चुनावी परिणाम जो 3 दिसंबर को आने हैं को पता चल जाएगा कि किस दल को सत्ता मिलती है और कौन विपक्ष में बैठता है।

### कांग्रेस का मतलब है - भ्रष्टाचार, अनाचार : नड्डा



बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आप कांग्रेस को पहचान लीजिए, ये नए नए भेष में आते हैं। कांग्रेस का मतलब है - भ्रष्टाचार, अनाचार, व्यभिचार, विकास विहीन समाज, विनाशकारी नीति और परिवारवाद। जबकि भाजपा का मतलब है - विकास, तरक्की, लोगों की सरकार, हितकारी सरकार। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार अपने आखिरी चरण में है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज रतलाम जिला की आलोट विधानसभा में आयोजित जनसभा में संबोधन किया। उन्होंने कहा कि 17 तारीख को आप जो निर्णय लेने वाले हैं, वो केवल एक विधायक बनाने के लिए नहीं बल्कि आपको अपने भविष्य का निर्णय लेना है। उन्होंने कहा कि आज मुझे खुशी है कि मध्य प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं रहा, बल्कि बेमिसाल राज्य बन गया है और विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में नीति परिवर्तन और जमीन पर काम करके हमारी भाजपा सरकार ने यहां भरपूर काम किया है। उन्होंन कहा कि कांग्रेस ने अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर घोटाला किया, 2जी घोटाला किया, कोयला घोटाला किया, पनडुब्बी घोटाला किया, चावल घोटाला किया। ये तीनों लोक में भ्रष्टाचारी हैं, इन्होंने न अंतरिक्ष छोड़ा, न धरती छोड़ी और न ही पाताल छोड़ा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस का एक मॉडल है- वो है लापता मॉडल। सड़क लापता, बिजली लापता, आवास योजना लापता, घर-घर पानी लापता और विकास तो पूरी तरह लापता। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि इन्होंने अपने 15 महीने की सरकार में शिवराज जी की संबल योजना को रोक दिया था। लेकिन असंगठित मजदूरों को संबल देने की इस योजना को 600 करोड़ रुपये देकर शिवराज जी ने फिर से प्रारंभ किया है। उन्होंने कहा कि कमलनाथ के पूर्व ओएसडी के घर से करोड़ों रुपये निकले। इनके भांजे के घर से भ्रष्टाचार का पैसा निकला। मतलब ये खुद भी लगे हैं और इनके भतीजे और भांजे भी घोटाले कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2003 में यहां 60 हजार किमी पक्की सड़कें थी, जो आज बढ़कर 5 लाख किमी हो चुकी हैं। 2003 में यहां 5 मेडिकल कॉलेज थे, जो आज बढ़कर मोदी जी के नेतृत्व में 30 हो चुके हैं। पूरे देश का ऐसा पहला मेडिकल कॉलेज मध्य प्रदेश में हैं, जहां छात्र-छात्राएं हिंदी में मेडिकल की पढ़ाई करेंगे।


## धार्मिक आधार पर लोगों को भड़काने के एजेंडे पर अड़ी भाजपा: गहलोत

राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने दावा किया कि कोई सत्ता विरोधी लहर नहीं है। सरकार ने अच्छा काम किया है। माहौल देखकर मैं कह सकता हूं कि सरकार दोहराएगी। उन्होंने कहा कि हमने सुशासन दिया है और पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क कनेक्टिविटी प्रदान की है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने प्रतिद्वंद्वी भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह हमेशा चुनावों से पहले धार्मिक आधार पर लोगों को भड़काने के अपने एजेंडे पर अड़ी रहती है। अपने बयान में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भी आएंगे, अमित शाह भी आएंगे और लोगों को भड़काने वाले काम करेंगे। हम उनको चुनौती देते हैं कि आप जिस राज्य में जा रहे हैं उस राज्य का 5 साल में प्रदर्शन क्या रहा, जो उन्होंने फैसले किए हैं उसपर बात कीजिए। उन्होंने कहा कि हम विकास के नाम पर वोट मांगने की बात कर रहे हैं। वे(भाजपा) धर्म के नाम पर अपना पुराना एजेंडा राजस्थान पर थोपना चाहते हैं। गहलोत ने दावा किया कि कोई सत्ता विरोधी लहर नहीं है। सरकार ने अच्छा काम किया है। माहौल देखकर मैं कह सकता हूं कि सरकार दोहराएगी। उन्होंने कहा कि हमने सुशासन दिया है और पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क कनेक्टिविटी प्रदान की है। राजस्थान में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहतर है। उन्होंने कहा कि पीएम (मोदी) ने कहा कि कांग्रेस सरकार आतंकवादियों से सहानुभूति रखती है और राज्य को बर्बाद कर देगी। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि अगर हमारी सरकार आतंकवादियों का समर्थन करती है तो केंद्र



हमारी सरकार को बर्खास्त क्यों नहीं कर रही है? उनके पास ऐसा करने का अधिकार है। इन आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है और आप केवल चुनाव के दौरान लोगों को भड़का रहे हैं। इस सप्ताह के अंत में, भाजपा के स्टार प्रचारक पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा पश्चिमी भारतीय राज्य में चुनावी रैलियों की एक श्रृंखला को संबोधित करने जा रहे हैं। पीएम मोदी बुधवार को बाड़मेर में और बाद में शनिवार को भरतपुर और नागौर में एक विशाल रैली को संबोधित करेंगे। उनके यात्रा कार्यक्रम दस्तावेज में दिखाया गया है कि इस सप्ताह, नड्डा और शाह क्रमश: चार और पांच रैलियों या रोड शो को संबोधित करने के साथ राजस्थान में होंगे। जहां नड्डा दौसा, जोधपुर और जैसलमेर जिलों को कवर करेंगे, वहीं शाह टोंक, राजसमंद, बूंदी और अजमेर जिलों का दौरा करेंगे।

## मध्य प्रदेश में आने वाला है कांग्रेस का तूफान : राहुल



राहुल ने कहा कि पांच साल पहले आप सभी ने कांग्रेस पार्टी को सरकार के लिए चुना था। आपने बीजेपी को नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी को चुना। उसके बाद बीजेपी नेता नरेंद्र मोदी, शिवराज सिंह चौहान और अमित शाह ने मिलकर विधायक खरीदे और मध्य प्रदेश की चुनी हुई सरकार चुरा ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के विदिशा में एक रैली को संबोधित किया और कहा कि 1,700 करोड़ रुपये विकास के लिए भेजे गए थे लेकिन यह भाजपा के भ्रष्ट मंत्रियों की जेब में चले गए। उन्होंने दावा किया कि राज्य की जनता इस बार कांग्रेस को 145-150 सीटें देगी। यह छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण के मतदान के साथ ही राज्य में 17 नवंबर को होने वाले मतदान से ठीक दो दिन पहले आया है। उन्होंने कहा कि मैं अब तक कई बार मध्य प्रदेश आ चुका हूं। मैं शत-प्रतिशत बता सकता हूं कि यहां कांग्रेस पार्टी का तूफान होगा। आप लिख कर रख लीजिए, मध्य प्रदेश की जनता कांग्रेस पार्टी को 145-150 सीटें देने वाली है।

राहुल ने कहा कि पांच साल पहले आप सभी ने कांग्रेस पार्टी को सरकार के लिए चुना था। आपने बीजेपी को नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी को चुना। उसके बाद बीजेपी नेता नरेंद्र मोदी, शिवराज सिंह चौहान और अमित शाह ने मिलकर विधायक खरीदे और मध्य प्रदेश की चुनी हुई सरकार चुरा ली। उन्होंने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपये देकर कांग्रेस पार्टी के विधायकों को खरीदा, आपके फैसले को, आपके दिल की आवाज को भाजपा नेताओं ने, प्रधानमंत्री ने कुचल दिया। आपको धोखा दिया गया। उन्होंने कहा कि हम बीजेपी से लड़ते हैं। कर्नाटक में हमने उन्हें भगाया। हिमाचल प्रदेश में, हमने उन्हें भगाया - लेकिन नफरत से नहीं। हम नफ़रत का बाज़ार में मोहब्बत की दुकान खोलते हैं। हम अहिंसा के सिपाही हैं, मारते नहीं। लेकिन हमने उन्हें प्यार से भगाया। कांग्रेस नेता ने कहा कि हमने उनसे कहा कि उनके लिए यहां जगह नहीं है। आपने कर्नाटक को लूटा, 40 प्रतिशत सरकार चलाई इसलिए चले जाओ। यहां कांग्रेस पार्टी की सरकार आएगी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में आप युवाओं से पूछेंगे कि- आप क्या करते हैं? उनका जवाब होता है- कुछ नहीं। मोदी जी कहते हैं कि मध्यप्रदेश में हमने 500 कारखाने खोले हैं, लेकिन मोदी जी द्वारा खोला हुआ एक भी कारखाना नहीं दिखता। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से हमने कहा कि- BJP ने जितना पैसा जनता से लूटा है, आप उतना पैसा जनता के जेब में डालोगे। हमने छत्तीसगढ़ में धान का सही दाम देने का वादा किया था। आज वहां धान के लिए 2800 रुपए/ क्विंटल मिल रहे हैं और चुनाव के बाद 3200 रुपए/ क्विंटल मिलेगा।

## जिद... सच की



Sanjay Sharma
editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

# आवरा कुत्तों पर चला अदालती हंटर!

> गौरतलब हो कि इन आवरा पशुओं के हमले आम ही नहीं खास आदमी भी मौत के शिकार हो चुके हैं। दरअसल पजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने आवारा पशुओं के काटने से जुड़ी घटनाओं को लेकर बड़ा फैसला दिया है। हाईकोर्ट ने मंगलवार को डॉगबाइट यानी कुत्ते के काटने के मामलों में मुआवजा तय किया है।

*अदालत ने कुत्ते के काटने पर मुआवजा देने का आदेश दिया है। ये एक ऐतिहासिक फैसला है। इस आदेश के बाद यह उम्मीद की जा सकती है कि नगर निकाय अपनी जिम्मेदारी समझेंगे और आवार पशुओं के लिए कोई योजना बनाएंगे। गौरतलब हो कि इन आवरा पशुओं के हमले आम ही नहीं खास आदमी भी मौत के शिकार हो चुके हैं। दरअसल पजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने आवारा पशुओं के काटने से जुड़ी घटनाओं को लेकर बड़ा फैसला दिया है। हाईकोर्ट ने मंगलवार को डॉगबाइट यानी कुत्ते के काटने के मामलों में मुआवजा तय किया है। बेंच ने कहा कि अगर कुत्ते के काटने से से दांत के निशान बनते हैं, तो पीड़ित को 10,000 रुपये प्रति दांत के निशान पर मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा अगर कुत्ते के काटने से स्कीन पर घाव होता है या मांस निकल जाता है, तो प्रति 0.2 सेंटी मीटर घाव के लिए न्यूनतम 20000 रुपये मुआवजा दिया जाए। हाईकोर्ट ने पंजाब और हरियाणा सरकार को कुत्ते के काटने की घटनाओं में मुआवजा देने का आदेश दिया है।*

*हाईकोर्ट ने इस फैसले के बाद 193 याचिकाओं का निपटारा किया। पंजाब और हरियाणा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को इस तरह के मुआवजे का निर्धारण करने के लिए संबंधित जिलों के उपायुक्तों की अध्यक्षता में समितियों का गठन करने का भी आदेश दिया गया है। हाईकोर्ट आवारा, जंगली जानवरों के अचानक वाहन के सामने आने से चोटों या मौत के कारण होने वाली घटनाओं और दुर्घटनाओं के लिए पीड़ितों या उनके परिवार के सदस्यों को मुआवजे के भुगतान से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। जस्टिस विनोद एस भारद्वाज की बेंच ने कहा, कुत्ते के काटने के बाद अगर कोई जरूरी दस्तावेजों के साथ मुआवजे के लिए अर्जी देता है, तो समितियां इस पर तत्काल कार्रवाई करें. आवेदन के बाद सारी कानूनी-प्रक्रियाएं करके 4 महीने के अंदर मामले का निपटारा करें। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस भारद्वाज ने कहा कि मौतों की बढ़ती संख्या और सड़कों पर आवारा जानवरों की बढ़ती खतरनाक दर चिंताजनक है। इसने मानव जीवन पर असर डालना शुरू कर दिया है। बेंच ने कहा कि इसलिए यह जरूरी है कि राज्य को अब बोझ साझा करना चाहिए और जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेनी चाहिए। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने कहा कि मुख्य रूप से मुआवजे का भुगतान करने की जिम्मेदारी राज्य की होगी। राज्य चाहे तो मुआवजे की रकम संबंधित आरोप शख्स, एजेंसी या विभाग से वसूल सकता है, जिसका कुत्ते से लिंक हो। किसी भी घटना या दुर्घटना के बारे में शिकायत मिलने के बाद पुलिस तत्काल कार्रवाई करे। इसके लिए राज्य सरकार गाइडलाइंस बनाए।*

**( इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं )**

# तरक्की के बावजूद कुछ सपने अधूरे

जयसिंह रावत

नवगठित उत्तरांचल की अंतरिम सरकार के पहले वित्त मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने 3 मई, 2001 को जब राज्य का पहला बजट पेश किया था तो उसमें कुल व्यय 4,505.75 करोड़ और राजस्व प्राप्तियां 3,244.71 करोड़ प्रस्तावित थीं। राज्य गठन के समय उत्तरांचल को लगभग 1,750 करोड़ का घाटा विरासत में मिला था और अंतरिम सरकार ने 10 करोड़ के ओवर ड्राफ्ट के साथ अपना काम शुरू किया था। यही नहीं, नये राज्य को विरासत में भारी-भरकम कर्ज भी मिला था। जबकि 15 मार्च, 2023 को मौजूदा वित्त मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल ने 2023-24 का सालाना बजट पेश किया तो उसमें कुल व्यय 77,407.08 करोड़ और राजस्व प्राप्तियां 76,592.54 करोड़ प्रस्तावित थीं। उत्तरांचल के नाम से जन्म लेने वाले उत्तराखंड के बजट की इतनी बड़ी छलांग नये राज्य की प्रगति का एक पैमाना ही है। हम कल्पना कर सकते हैं कि अगर प्रदेश में राजनीतिक अस्थिरता और केदारनाथ जैसी आपदाएं न आतीं तो यह राज्य इससे भी कहीं अधिक तरक्की कर चुका होता। लेकिन इतनी तरक्की के बावजूद अभी उत्तराखंडवासियों के कुछ सपने अधूरे हैं तो कुछ बिखर भी गये हैं।

उत्तराखंड के जन्म के समय राज्य को विरासत में भारी-भरकम घाटा और कर्ज मिलने के साथ ही 11वें वित्त आयोग से भी पूरा न्याय नहीं मिला था। तत्कालीन वाजपेयी सरकार ने अन्य हिमालयी राज्यों के साथ ही उत्तरांचल को भी 1 मई, 2001 को विशेष श्रेणी का दर्जा दे दिया जिससे विकास के मार्ग में आने वाली वित्तीय कठिनाइयां काफी आसान हुईं। इसके बाद राज्य को औद्योगिक पैकेज भी मिला, जिससे राज्य का तेजी से औद्योगिक विकास होने के साथ ही राज्य की जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय बढ़ती गयी। सन् 2002 में सी. रंगराजन की अध्यक्षता में 12वां वित्त आयोग गठित हुआ तो तत्कालीन सरकार के होम वर्क के फलस्वरूप न केवल 11 वें आयोग के नुकसान की काफी हद तक भरपाई हुई बल्कि अपेक्षा के अनुरूप आयोग ने नये राज्य पर दरियादिली भी दिखाई।

1 जनवरी, 2007 को उत्तरांचल का टैग उतार कर उत्तराखंड नाम धारण करने वाले इस राज्य की विकास यात्रा में राजनीतिक अस्थिरता, पद लोलुपता और केदारनाथ जैसी आपदाओं के कारण व्यवधान अवश्य रहे फिर भी विशेष श्रेणी का दर्जा, औद्योगिक पैकेज



और नये राज्य के प्रति केन्द्र सरकारों की सहानुभूति के चलते इन 23 सालों में राज्य की जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय ने भी आश्चर्यजनक छलांगें लगाईं। नवीनतम अनुमान के अनुसार राज्य की जीडीपी 3.33 लाख करोड़ और प्रति व्यक्ति आय 2,33,565 तक पहुंच गयी है। जबकि 1999-2000 में राज्य की प्रति व्यक्ति आय मात्र 14,086 रुपये और जीडीपी लगभग 1.60 लाख करोड़ के आसपास थी। यद्यपि टिहरी, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग जिलों की प्रति व्यक्ति आय 1 लाख तक भी नहीं पहुंची। जबकि हिमाचल की प्रति व्यक्ति आय उत्तराखंड से कम 2,22,226.54 तक ही पहुंची है। इसी प्रकार हिमाचल की जीएसडीपी भी उत्तराखंड की कहीं कम 2.14 लाख करोड़ है। वहां बैंकों का ऋण जमानुपात भी उत्तराखंड से बहुत कम 30.80 है। राज्य गठन के समय विद्युतीकृत गांवों की संख्या 12519 थी जो कि अब 15745 तक पहुंच गयी है। राज्य में एलोपैथिक अस्पतालों की संख्या तब से अब 553 से 716 तक, आयुर्वेदिक अस्पतालों की संख्या 415 से 544 हो गयी और जन्म दर 19.6 से घट कर 16.6 और बाल मृत्यु दर 6.5 से घट कर 6.3 तक आ गयी है। वर्ष 1999 में नेशनल हाइवे से लेकर जिला और ग्रामीण मार्गों की लम्बाई 14,976 किमी थी जो कि 2022 के आंकड़ों के अनुसार 40,457.29 किमी तक पहुंच गयी है। वर्ष 2001-02 की सरकारी सांख्यिकी डायरी के अनुसार उस समय राज्य में 191 उद्योग स्थापित थे, जिनमें से 69 के बंद होने से कुल 122 ही उद्योग शेष रह गये थे। अब 2021-22 की सांख्यिकी डायरी के अनुसार राज्य में वृहद उद्योगों की संख्या 329 तक पहुंच गयी है। इन बड़े उद्योगों के अलावा राज्य में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों की संख्या 73,961 हो गयी है।

पहाड़वासी अपनी सांस्कृतिक पहचान के लिये अनुच्छेद 371 की मांग कर रहे थे लेकिन अब उद्योग के नाम पर पहाड़ियों की जमीनों की खुली लूट मची हुई है। वर्ष 2003 में जो भू-कानून बना था उसका 2017 के बाद निरन्तर क्षरण हो रहा है जिस कारण पहाड़ की जनसांख्यिकी बदल रही है। राज्य आन्दोलन के दौरान हुए मुजफ्फरनगर कांड के दोषियों को आज तक सजा नहीं हो पायी। राज्य में कृषि जोतों का आकार निरन्तर घटता जा रहा है। सन् 1995-96 में राज्य में 4 से 10 हेक्टेयर के बीच जोतों का प्रतिशत 3.1 था जो कि 2021-22 तक 1.64 प्रतिशत रह गया। इसी तरह 2 से 4 हेक्टेयर आकार की जोतें 8.7 प्रतिशत थीं जो घट कर 6.59 प्रतिशत रह गयीं। राज्य में 2015-16 में कुल कृषि जोतें 9,12,650 थी।

# जीवन के हर क्षेत्र से अंधेरा भगाने का वक्त



प्रमोद जोशी

हमारा देश पर्वों और त्योहारों का देश है। मौसम और समय के साथ सभी पर्वों का महत्व है, पर इस समय जो पर्व-समुच्चय मनाया जा रहा है, उसकी तुलना दुनिया के किसी भी समारोह से संभव नहीं है। श्री, समृद्धि, स्वास्थ्य और स्वच्छता का यह समारोह हमारे पूर्वजों की विलक्षण सोच-समझ को व्यक्त करता है। देश के सभी क्षेत्रों में ये पर्व अपने-अपने तरीके से मनाए जाते हैं, पर उत्तर भारत में इनका आयोजन खासतौर से ध्यान खींचता है। इसमें शामिल पांच महत्वपूर्ण पर्वों में सबसे पहले धनतेरस आता है, जो इस साल 10 नवंबर को मनाया गया। माना जाता है कि इस दिन भगवान धन्वंतरि हाथों में अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान धन्वंतरि का जन्म समुद्र मंथन से हुआ था। धनतेरस के दिन भगवान धन्वंतरि हाथ में सोने का अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। धन्वंतरि को प्राकृतिक चिकित्सक माना जाता है। धनतेरस के दिन नए झाड़ू, बर्तन, सोना चांदी के आभूषण को खरीदना शुभ माना जाता है। दुनिया के सबसे बड़े सोने के उपभोक्ता देश भारत में इस साल सोने तथा चांदी की खरीदारी सोने की कीमतों में नरमी के साथ उपभोक्ता मांग में सुधार के चलते सकारात्मक रही। बाजार की रौनक को देखते हुए लगता है कि देश में समृद्धि का विस्तार होता जा रहा है।

धनतेरस के अगले दिन रूप चतुर्दशी, उसके अगले दिन दीपावली, जो कार्तिक अमावस्या को मनाया जाता है। उसके अगले दिन अन्नकूट और पांचवें दिन भाई दूज। इन पांच पर्वों के फौरन बाद बिहार, झारखंड, और पूर्वी उत्तर प्रदेश में छठ का पर्व मनाया जाता है। चार दिनों तक चलने वाला यह पावन पर्व हर साल कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। यह पर्व चतुर्थी से आरंभ होकर सप्तमी तिथि को प्रात: सूर्योदय के समय अर्घ्य देने के बाद समाप्त होता है।

नई फसल आने के बाद के इन पर्वों को भारत की परंपराओं और अर्थव्यवस्था से भी जोड़ सकते हैं। प्रकाश के इस पर्व के साथ उपनिषद का आप्त वाक्य जुड़ा है, 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' अर्थात (हे भगवान!) मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाइए। माना जाता है कि दीपावली के दिन अयोध्या के राजा राम अपने चौदह वर्ष के वनवास के पश्चात लौटे थे। अनेक कथाएं इस पर्व के साथ जुड़ी हैं। इसे सिख, बौद्ध तथा जैन धर्म में अपने-अपने तरीके से मनाया जाता है। जैन धर्म के लोग इसे महावीर के मोक्ष दिवस के रूप में मनाते हैं तथा सिख इसे 'बंदी छोड़ दिवस' के रूप में मनाते हैं। इसी दिन अमृतसर में 1577 में स्वर्ण मंदिर का शिलान्यास हुआ था। इस पर्व को अनेक ऐतिहासिक घटनाओं, कथाओं और मिथकों को चिह्नित करने के लिए हिंदू, जैन और सिख इसे अपने-अपने तरीके से मनाते हैं। इन सबका आशय बुराई पर अच्छाई, अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और निराशा पर आशा की विजय को दर्शाना है। हमारा विश्वास है कि सत्य की सदा जीत होती है और असत्य का नाश होता है। दीपावली यही चरितार्थ करती है।

मान्यता है कि इस दिन लक्ष्मी प्रसन्न रहती हैं और जो लोग उस दिन उनकी पूजा करते हैं वे आगे के वर्ष के दौरान मानसिक, शारीरिक दुखों से दूर सुखी रहते हैं। देश के पूर्वी क्षेत्र उड़ीसा और पश्चिम बंगाल में हिन्दू लक्ष्मी की जगह काली की पूजा करते हैं, और इस त्योहार को काली पूजा कहते हैं। देश के कुछ पश्चिम और उत्तरी भागों में दीपावली से नया वर्ष शुरू होता है। मथुरा और उत्तर मध्य क्षेत्रों में इसे भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ा मानते हैं। अन्य क्षेत्रों में, गोवर्धन पूजा (या अन्नकूट) की दावत में कृष्ण के लिए 56 या 108 विभिन्न व्यंजनों का भोग लगाया जाता है। आर्थिक दृष्टि से दीपावली का पर्व भारत में खरीदारी का एक खास मौका होता है। उपभोक्ता खरीद और आर्थिक गतिविधियों के संदर्भ में दीपावली, वैसा ही पर्व है जैसा पश्चिमी देशों में क्रिसमस होता है। इस मौके पर नए कपड़ों, घर के सामान, वाहन, उपहार, सोने और अन्य बड़ी खरीदारियां की जाती हैं। लक्ष्मी को, धन, समृद्धि, और निवेश की देवी माना जाता है। भारत से बाहर नेपाल, श्रीलंका और दक्षिण पूर्व एशिया के देशों में तो इसे मनाया जाता ही है, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप के देशों और अमेरिका में भी इसकी चमक दिखाई देने लगी है। इसकी वजह प्रवासी भारतीयों की उपस्थिति भी है। होली और दिवाली दो ऐसे पर्व हैं, जो इन्हें मनाए जाने के तरीकों की वजह से दुनिया भर का ध्यान खींचते हैं।


अमेरिका के कई शहरों में अब बड़े स्तर पर दीपावली के समारोह मनाए जा रहे हैं। एक प्रकार से यह भारतीय पर्व भारत की 'सॉफ्ट पावर' का वाहक भी बन गया है। त्योहार की इस चमक-दमक के बीच दीपावली बदलाव के कुछ संदेश भी देती है। पिछले मंगलवार को बेरियम युक्त पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक पुराने आदेश को दोहराया है। अदालत ने कहा कि बेरियम युक्त पटाखों पर प्रतिबंध लगाने का उसका आदेश हर राज्य पर लागू होता है। यह केवल दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि पटाखों के हानिकारक प्रभावों के बारे में आम लोगों को जागरूक करना महत्वपूर्ण है। अच्छी बात यह है कि स्कूलों की जागरूकता के कारण बच्चों ने प्रदूषण को रोकने के मामले में पहल की है। विडंबना है कि बच्चे ज्यादा पटाखे नहीं फोड़ते हैं, लेकिन उम्रदराज लोग नहीं मानते। खुशी मनाने और सामाजिक दायित्वों को पूरा करने के मामले में संतुलन होना चाहिए।



# प्रदूषण फेफड़ों के लिए है खतरनाक

## इन योगासनों से मिलेगी राहत

हर साल दिवाली के बाद देश के कई शहरों में एक्यूआई स्तर सामान्य से बहुत खराब हो जाता है। आसमान में जलते पटाखों के कारण प्रदूषण का स्तर अचानक खतरनाक होने के चलते कई राज्यों व शहरों में पटाखे प्रतिबंधित होते हैं। देश की राजधानी दिल्ली में दिवाली से पहले ही प्रदूषण अत्यंत गंभीर स्तर पर पहुंच चुका है। कई जगहों पर AQI 500 पार कर गया है। जहरीली हवा के कारण लोगों को स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो रही है। प्रदूषण के कारण सांस संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। इससे पहले से बीमार लोगों के साथ ही स्वस्थ लोगों की सेहत पर भी गंभीर असर हो सकता है। प्रदूषण का असर फेफड़ों पर भी होता है। फेफड़े शरीर के सभी अंगों में ऑक्सीजन के संचार को सुचारू बनाए रखने का काम करते हैं। फेफड़ों में होने वाली किसी भी तरह की समस्या जानलेवा हो सकती है। सभी को फेफड़ों को स्वस्थ बनाए रखने के उपाय करते रहना चाहिए। योग और व्यायाम वायु मार्ग से बलगम को साफ करने में मदद करने के साथ फेफड़ों को मजबूत बनाए रखने में सहायक माने जाते हैं।




### क्या है प्रदूषण

प्रदूषण का अर्थ है वातावरण का दूशित होना या फिर खराब होना। आज सारे संसार मे प्रदूशण की चर्चा है। वायू प्रदूषण कूडे कचरे तथा धुएं के कारण होता है। कूडे कचरे के सड़ने से दुर्गंध पैदा होती है। यह दुर्गंध हवा को दूशित करती है। इसी तरह कल कारखानों, मोटर गाडियो, स्कूटरों आदि से जहरीला धुआं निकलता है और वायूमंडल में घुलमिल जाता है। इस तरह वायुप्रदूशण होता है। इससे आंख नाक में खुजली, गले की घुटन तथा सास की बीमारियां होती है। भारी तूफान से हवा में धूल के कणों की मात्रा बढ़ जाती है। उल्कापिंड दहन का कारण बनते हैं और कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर बढ़ाते हैं। ज्वालामुखी वातावरण में अमोनिया और सल्फर वाष्प की मात्रा को बढ़ाते हैं और वायु को प्रदूषित करते हैं। इस सब में प्राकृतिक प्रदूषण शामिल है। मानव प्रदूषण में वायु प्रदूषण के कारण होने वाली क्रियाएं शामिल हैं। मानव निर्मित प्रदूषकों में वे कारखाने शामिल हैं जो लगातार धुएं का उत्सर्जन करते हैं, जो वाहन हानिकारक गैसों, हवाई जहाज, कीटनाशक स्प्रे, कीटनाशकों, परमाणु बमों जैसे वैज्ञानिक प्रयोगों आदि का उत्सर्जन करते हैं।



### सुखासन योग

इस योग के अभ्यास से रक्त प्रभाव प्रोत्साहित होता है और फेफड़ों के कार्य को बढ़ावा मिलता है। सुखासन योग फेफड़ों की सेहत के लिए बेहतरीन अभ्यास माना जाता है। फेफड़ों की मांसपेशियो को मजबूत बनाने और वायुमार्ग को साफ रखने के लिए नियमित सुखासन का अभ्यास करें। सुखासन करने के लिए भूमि पर दरी या मैट बिछाकर बैठ जाएं। अब दोनों पैर सामने और सीधे रखें। फिर एक पैर की एड़ी अपने दूसरे पैर की जंघा के नीचे लें आयें और यही क्रम दूसरे पैर के साथ करें। अब आप अपनी पीठ और मेरूदंड को सीधा करें। ध्यान रहे कि अधिक झुक कर न बैठें। कंधों को थोड़ा ढ़ीला छोड़ें, अब गहरी सांस अन्दर की ओर ले फिर धीरे धीरे सांस को छोड़ें। हथेलियों को एक के ऊपर एक अपनी पालथी पर रखें।




### भुजंगासन

भुजंगासन को कोबरा पोज कहा जाता है। इस योग का अभ्यास फेफड़ों को स्वस्थ बनाए रखने और फेफड़ों को फैलाने में सबसे मददगार माना जाता है। वायुमार्ग को साफ करने के साथ फेफड़ों को मजबूत बनाने के लिए भुजंगासन योग का नियमित अभ्यास कर सकते हैं। मन को शांत करने और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी भुजंगासन फायदेमंद है। सबसे पहले, अपने पेट पर झूठ बोलें, और अपने पैरों को सीधा करें। एक दूसरे को छूते समय पैर की उंगलियों को बाहर की ओर रखना चाहिए। इसके बाद, अपनी हथेलियों को छाती के दोनों ओर रखें। आपके हाथ शरीर के करीब होने चाहिए और कोहनी को बाहर की ओर रखना चाहिए।



### धनुरासन योग

धनुरासन को बो पोज कहते हैं। फेफड़ों की सफाई के लिए धनुरासन सबसे अच्छे योगों में से एक है। इस आसन को कभी भी किया जा सकता है। फेफड़ों को मजबूत बनाने के साथ श्वसन समस्याओ को दूर करने के लिए भी धनुरासन योग का नियमित अभ्यास मदद करता है।



## हंसना मना है

मेरी बात गौर से सुनना, अगर कोई आपको पागल कहे तो दुखी मत होना, अफसोस भी मत करना और रोना भी मत, बस आराम से चेयर पर बैठ कर सोचना की। साले को पता कैसे चला।

साइकिल चलाकर पैर दुखे तो बाईक ली, बाईक चलाकर पीठ दुखी तो कार लाये, कार चलाकर पेट निकला तो जिम ज्वाइन किया और जिम में वापस साइकिल, इसे कहते है रिसायक्लिंग।

पत्नी- आप मुझे रानी क्यों बोलते हो? पति – क्योंकि नौकरानी थोडा लम्बा शब्द हो जाता है।। पत्नी गुस्से से- तुम्हे पता है कि मैं तुम्हे जान क्यों बोलती हूं? पति- नहीं।। बताओ तो जरा।।पत्नी-जानवर थोड़ा लम्बा शब्द हो जाता है इसलिए सिर्फ जान बोल देती हूं।

5 साल का बच्चा- आई लव यू मां, मां- आई लव यू टू बेटा! 16 साल का लड़का- आई लव यू मॉम, मां- सॉरी बेटा, पैसे नहीं है! 25 साल का लड़का- आई लव यू मां, मां- कौन है वो चुड़ैल? कहा रहती है? 35 साल का आदमी- आई लव यू मां, मां- बेटा मैंने पहले ही बोला था, उस लड़की से शादी मत करना! और सबसे बढ़िया।। 55 साल का आदमी- आई लव यू मां, मां- बेटा, मैं किसी भी कागज पर साइन नहीं करूंगी !

## कहानी | दान करने से वस्तु घटती नहीं

एक राजा बड़े धर्मात्मा और दयालु थे, किंतु उनसे भूलसे कोई एक पाप हो गया था। जब उनकी मृत्यु हो गयी, तब उन्हें लेने यमराज के दूत आये। यमदूतों ने राजा को कोई कष्ट नहीं दिया। यमराज ने उन्हें इतना ही कहा था कि वे राजा को आदरपूर्वक नरकों के पास से आने वाले रास्ते से ले आवें। राजा की भूल से जो पाप हुआ था, उसका इतना ही दण्ड था। यमराज के दूत राजा को लेकर जब नरकों के पास पहुंचे तो नरक में पड़े प्राणियों के चीखने, चिल्लाने, रोने का शब्द सुनकर राजा का हृदय घबरा उठा। वे वहां से जल्दी-जल्दी जाने लगे। इसी समय नरक में पड़े जीवों ने उनसे पुकार कर प्रार्थना की – महाराज! आपका कल्याण हो! हम लोगों पर दया करके आप एक घड़ी यहां खड़े रहिये। आपके शरीर से लगकर जो हवा यहां आती है, उसके लगने से हम लोगों की जलन और पीड़ा एकदम दूर हो जाती है। हमें इससे बड़ा सुख मिल रहा है। राजा ने उन नारकी जीवों की प्रार्थना सुनकर कहा – मित्रो! यदि मेरे यहां खड़े रहने से आप लोगों को सुख मिलता है तो मैं पत्थर की भांति अचल होकर यहीं खड़ा रहूंगा। मुझे यहां से अब आगे नहीं जाना है। यमदूतों ने राजा से कहा- आप तो धर्मात्मा हैं। आपके खड़े होने का यह स्थान नहीं है। यह तो पापी जीवों के रहने का स्थान है। आप यहां से झटपट चले चलें। राजा ने कहा- मुझे स्वर्ग नहीं चाहिये। भूखे-प्यासे रहना और नरक की आग में जलते रहना मुझे बहुत अच्छा लगेगा, यदि अकेले मेरे दु:ख उठाने से इन सब लोगों को सुख मिले। प्राणियों की रक्षा करने और उन्हें सुखी करने में जो सुख है वैसा सुख तो स्वर्ग या ब्रह्मलोक में भी नहीं है। उसी समय वहां धर्मराज तथा इन्द्र आये। धर्मराज ने कहा- राजन! मैं आपको स्वर्ग ले जाने के लिये आया हूं। अब आप चलें। राजा ने कहा- जब तक ये नरक में पड़े जीव इस कष्ट से नहीं छूटेंगे, मैं यहां से कहीं नहीं जाऊंगा। धर्मराज बोले- ये सब पापी जीव हैं। इन्होंने कोई पुण्य नहीं किया है। ये नरक से कैसे छूट सकते हैं? राजा ने कहा- मैं अपना सब पुण्य इन लोगों को दान कर रहा हूं। आप इन लोगों को स्वर्ग ले जायं। इनके बदले मैं अकेले नरक में रहूंगा। इन्द्र ने कहा- आपके पुण्य को पाकर नरक के प्राणी दु:खों से छूट गये हैं। देखिये ये लोग अब स्वर्ग जा रहे हैं। अब आप भी स्वर्ग चलिये। राजा ने कहा- मैंने तो अपना सब पुण्य दान कर दिया। अब आप मुझे स्वर्ग में चलने को क्यों कहते हैं? देवराज हंसकर बोले- दान करने से वस्तु घटती नहीं, बढ़ जाती है। आपने इतने पुण्यों का दान किया, यह दान उन सबसे बड़ा पुण्य हो गया। अब आप हमारे साथ पधारें। दु:खी प्राणियों पर दया करने से ये नरेश अनन्त काल तक स्वर्ग का सुख भोगते रहे।

## 7 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष** – आज आपको अपने सीनियर्स का सपोर्ट मिलेगा। कुछ खरीदने से पहले उन चीज़ों का इस्तेमाल करें, जो पहले से आपके पास हैं। पिता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**वृषभ** – आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहेगा। आज आपके कुछ ऐसे काम होंगे, जिन्हें पूरा करने के लिए आप प्रयासरत रहेंगे और उन्हें पूरा करने में सफल भी अवश्य रहेंगे।

**मिथुन** – आज का दिन अच्छा रहने वाला है। जो लोग कम्प्यूटर क्षेत्र से जुड़े हैं आज उन्हें कार्यक्षेत्र को बढ़ाने में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह मिलेगी।

**कर्क** – जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद होंगे। परिवार वालों के साथ समय अधिक बीतेगा आप अपने माता पिता से किसी विषय पर कोई राय भी ले सकते है।

**सिंह** – आज आप कुछ कार्य के पूरा ना होने से थोड़ा निराश रहेंगे, लेकिन इसमें आपको यह ध्यान देना होगा कि आप कहीं किसी गलत व्यक्ति पर भरोसा करके लेनदेन ना करें।

**कन्या** – आज का दिन शानदार रहने वाला है। परिवार वालों के साथ समय अधिक बीतेगा। आज आप अपने माता पिता से किसी विषय पर कोई राय भी लेंगे।

**तुला** – आज उन लोगों की सलाह पर पैसे लगाएं, जो मौलिक सोच रखते हों और अनुभवी भी हों। यह किसी भी प्रकार की व्यापार वार्ता के लिए एक बढ़िया दिन है।

**वृश्चिक** – आज घर परिवार पर में यदि कोई कहासुनी होगी, तो उसमें आपको कोई ऐसी बात सुनने को मिल सकती है, जिसके कारण आपका मन परेशान रहेगा।

**धनु** – आज आपके लिए दिन बहुत महत्वपूर्ण है। आपको जिस अवसर की पिछले कई दिनों से तलाश थी वो आज किसी करीबी की मदद से आपको मिल जायेगा।

**मकर** – आज का दिन आपके लिए मिलाजुला परिणाम देने वाला रहेगा। व्यापार अच्छा चलेगा। कार्य के विस्तार की योजनाएं बनेंगी। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी आपका तालमेल बना रहेगा।

**कुम्भ** – आज का दिन आपका स्वास्थ्य कुछ नरम गरम हो सकता है, इसलिए आज आपको अपने खानपान की ओर भी विशेष ध्यान देना होगा। लापरवाही बिल्कुल ना बरतें।

**मीन** – आज उन परिस्थितियों में पड़ने से बचें जिनमें आप असुविधा महसूस करते हैं। अपनी सोच सकारात्मक बनाए रखें और फीजूल की बातो में ना पड़ें।

बॉलीवुड | मन की बात

# चोट के बाद राहुल की दमदार वापसी पर मुझे गर्व है : सुनील शेट्टी



इस वक्त पूरे देश में क्रिकेट विश्व कप 2023 का खुमार चढ़ा है। आम आदमी से लेकर बॉलीवुड सेलेब्स इंडियन टीम को सपोर्ट करते नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में अब अभिनेता सुनील शेट्टी ने भी अपने दामाद केएल राहुल के परफॉर्मेंस की जमकर प्रशंसा की है और उनके दमदार कमबैक की सराहना की है। सुनील शेट्टी और बेटी अथिया शेट्टी अक्सर केएल राहुल की प्रशंसा करते नजर आते हैं। तो चलिए जानते हैं कि इस बार अभिनेता ने क्या कहा है। सुनील शेट्टी ने अपने हालिया इंटरव्यू में केएल राहुल की सराहना की है। अभिनेता ने बताया है कि क्रिकेटर ने चोट से वापसी की और वनडे क्रिकेट विश्व कप में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। सुनील शेट्टी ने कहा, अच्छे कामों पर कभी ध्यान नहीं जाता, भले ही आप किसी व्यक्ति को नीचा दिखाने के लिए हर संभव कोशिश करें। सुनील शेट्टी ने आगे कहा, राहुल के पास ऐसी बहुत सी चीजें हैं, जो मुझे पसंद है। इन सब के बाद भी उनका दिल बहुत बड़ा है। वे किसी की भी मदद करने से पीछे नहीं हटते हैं। इतना स्टारडम हासिल करने के बाद भी उनके अंदर जरा भी घमंड नहीं है। एक सफल आदमी की यही सच्ची पहचान है कि आगे बढ़कर भी वे अपनी जड़ों से जुड़ा रहें। सुनील शेट्टी ने खुद को राहुल का प्रशंसक बताते हुए कहा, मैं तब से उनका प्रशंसक हूं जब वह एक क्रिकेटर थे और आज जब वह एक बेटा हैं क्योंकि मैं उनको अपना दामाद नहीं मानता हूं। तब भी मैं उनका प्रशंसक हूं। अभिनेता ने यह भी खुलासा किया कि वह अक्सर अपनी बेटी अथिया शेट्टी को बताते हैं कि वह राहुल को जीवन साथी के रूप में पाकर वे कितनी भाग्यशाली है और वे पूरे दिल से इस पर विश्वास करती है। इस बीच, केएल राहुल ने हाल ही में नीदरलैंड के खिलाफ भारत के अंतिम विश्व कप लीग मैच के दौरान मात्र 64 गेंदों में शतक बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।

# आयकर विभाग के फैन हुए आर माधवन

## कहा- कार्यवाही से पूरी तरह प्रभावित और चकित हूं



अपने अभिनय से लाखों दिलों पर राज करने वाले आर माधवन बेबाकी से अपनी बात रखने के लिए भी मशहूर है। हर जरूरी मुद्दे पर वह सोशल मीडिया पर अपनी स्पष्ट राय रखते हैं। इस बीच हाल ही में अभिनेता ने आयकर विभाग की गति और दक्षता की जमकर प्रशंसा की है। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि उन्हें वर्ष 2023-24 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने के बाद तीन सप्ताह के भीतर अपनी कंपनी के लिए रिफंड प्राप्त हो गया। उन्होंने कहा कि वह इससे पूरी तरह प्रभावित और चकित हैं। अभिनेता ने एक्स पर लिखा, हमारी कंपनी के लिए आयकर रिफंड रिटर्न दाखिल करने के तीन सप्ताह के भीतर प्राप्त हुआ। साथ ही उन्होंने विभाग की गति और तत्परता की भी जमकर सराहना की। इस पोस्ट में अभिनेता ने प्रधानमंत्री कार्यालय, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, आयकर विभाग और वित्त मंत्रालय को भी टैग किया है। अभिनेता की इस पोस्ट पर सोशल मीडिया फैंस तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने कहा, सर। जानकर अच्छा लगा। छोटे रिफंड के साथ व्यक्तिगत रिटर्न तुरंत रिटर्न दाखिल करने के 15 मिनट के भीतर जमा कर दिया जाता है। इसके अलावा कई यूजर्स इस बात से असहमत नजर नहीं आए और बताया कि उन्हें काफी समय बाद भी रिटर्न नहीं प्राप्त हुआ है।

बॉलीवुड | मसाला

## राघव के साथ बद्रीनाथ जाने पर ट्रोल हुईं शहनाज, बोलीं-

# मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता



बॉलीवुड अभिनेत्री शहनाज कौर गिल ने हाल ही में बद्रीनाथ मंदिर का दौरा किया। उन्होंने हाल ही में अपनी धार्मिक यात्रा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में वह जाने-माने कोरियोग्राफर राघव जुयाल के साथ नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों के सामने आने के बाद दोनों के रिश्ते की अफवाहों को हवा मिल गई है। ऐसे में अब शहनाज ने सोशल मीडिया पर लोगों की नफरत को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। शहनाज गिल ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में उनके चश्मे पर लिखा है, मुझे परवाह नहीं। दरअसल, सिदनाज यानि की दिवंगत अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला और शहनाज गिल के फैंस सोशल मीडिया पर शहनाज को राघव के साथ देखकर नकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं। बता दें कि शहनाज को अपने फैंस के साथ मजबूत बंधन के लिए जाना जाता है। अभिनेत्री के कुछ फैंस ने दिवंगत अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला के साथ उनकी केमिस्ट्री को दिल से पसंद किया है और अब राघव के साथ उनकी डेटिंग की अफवाहें उन्हें रास नहीं आ रही हैं। शहनाज ने इन अफवाहों पर कभी भी सार्वजनिक रूप से बात नहीं की है। वहीं राघव ने इन खबरों का हमेशा से खंडन किया है। एक बातचीत में राघव ने कहा था, जब आप किसी फिल्म की शूटिंग में लगभग तीन से चार महीने बिताते हैं, तो दोस्ती यारी हो जाती है। शहनाज की दिक्कत ये है कि उन्होंने बिग बॉस 13 में हिस्सा लिया है। दर्शक तीन महीने के लिए अपने निजी जीवन में निवेशित होते हैं, इसलिए यह एक दवा की तरह बन जाता है और वे शो खत्म होने के बाद भी उस दवा को चाहते हैं। मैंने यात्रा की है और दूसरों के साथ भी समय बिताया है, लेकिन उसके साथ लोगों को ड्रामा क्रिएट करना था। मुझे नहीं पता यह क्या है! लेकिन दुख होता है। हाल ही में शहनाज कौर गिल को करण बुलानी की फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग में देखा गया था। फिल्म में भूमि पेडनेकर, कुशा कपिला, डॉली सिंह और शिबानी बेदी भी अहम किरदार में नजर आई थीं। उन्होंने सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया है।

अजब-गजब | ये है दुनिया का सबसे मुश्किल डांस

# रफ्तार देखकर चकरा जाएगा माथा!



इंसानों और मशीनों में एक बेसिक फर्क ये होता है कि इंसान कोई चीज़ भूल सकता है लेकिन मशीन की प्रोग्रामिंग अगर सेट हो गई तो ये वैसी की वैसी ही चलती रहेगी। इसमें गलती की गुंजाइश तब तक नहीं होती है, जब तक कोई टेक्निकल खराबी न हो। सोशल मीडिया पर इस वक्त एक ऐसे डांस का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे देखने के बाद आप थोड़ी देर के लि ये भूल जाएंगे कि इसमें दिख रहे लोग इंसान हैं या फिर कोई मशीन। दुनिया के सबसे ज्यादा मुश्किल डांस के तौर पर मशहूर ज़ौली डांस को आपने कभी न कभी तो ज़रूर देखा होगा। अगर नहीं देखा होगा तो आपने इसकी इंटेंसिटी के बारे में सुना ज़रूर होगा। इस डांस फॉर्म की खासियत ये है कि अगर आप इसे लगातार देखते रहे तो चक्कर जरूर आ जाएगा। दरअसल इस डांस में ज़बरदस्त रफ्तार होती है, जिसे देखने में ही माथा घूमने लगता है। अफ्रीका के इस ट्रेडिशनल डांस की खासियत ही ये है कि ये बहुत तेज़ी से किया जाता है। डांस करते वक्त चेहरे पर मास्क और कॉस्ट्यूम पहने एक कलाकार कमाल का डांस करता नजर आ रहा है। सिर से पांव पर रंगीन कपड़े, मास्क से ढका हुआ चेहरा और सिर पर अनोखा मुकुट पहनकर ये डांस परफॉर्म किया जाता है। इसमें परफॉर्मर बिजली जैसी रफ्तार से अपने पैर हिलाता रहता है और मूव करता है। वो इतनी जल्दी-जल्दी डांस करता है कि आपको स्टेप समझने का भी मौका नहीं मिलेगा। अफ्रीका के इस डांस को दुनिया का सबसे मुश्किल डांस माना जाता है। ज़ौली अफ्रीका की एक लोकप्रिय संगीत और नृत्य शैली है। इसे पश्चिम अफ्रीका के कोटे डी आइवर के गुरो कबीले की ओर से परफॉर्म किया जाता है। इस डांस स्टाइल में अपने पैरों को एक रिदम में मूव किया जाता है। इस नृत्य विधा में संगीत के साथ तालमेल बिठाते हुए तेजी से चलने वाले पैरों के साथ पूरे शरीर को संतुलित करना भी अपने आपमें एक कला है। इससे जुड़े कलाकार सात अलग-अलग तक के मुखौटे पहनते हैं।

# ये कपल बच्चों के साथ निकल जाए बाहर, तो लोग देने लगते हैं गालियां!



दुनिया में तरह-तरह के लोग मौजूद हैं, जिनके बारे में सुनकर ही आपका दिमाग चकरा जाएगा। ऐसा ही एक कपल है, जिसे अपनी रोज़ाना की ज़िंदगी में ट्रोलिंग का शिकार होना पड़ता है। यूं तो ये खुशहाल परिवार है, जिसमें पति-पत्नी और उनके 2 बच्चे भी हैं लेकिन इन्हें कोई एडोरेबल या प्यारा नहीं कहता बल्कि देखते ही लोग गुस्सा हो जाते हैं। ये कहानी है 22 साल की लिंडसे एश्टन और उनके पति जॉन की। लिंडसे की लंबाई सिर्फ और सिर्फ 4 फीट 10 इंच है, जिन्हें देखने के बाद कोई यकीन ही नहीं कर पाएगा कि वो बड़ी हैं और उनकी शादी भी हो चुकी है। उनकी उम्र तो बढ़ रही है लेकिन आप जब उन्हें देखेंगे तो कहीं से भी वो 20-22 साल की नहीं लगेंगी। उन्हें देखने से आप उन्हें ज्यादा से ज्यादा 12-13 साल का ही जज कर पाएंगे। डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक लिंडसे का सिर्फ शरीर ही 12 साल की बच्ची जैसा नहीं है बल्कि उसकी आवाज भी ऐसी है कि वो बच्ची लगती है। लोगों को लगता है कि उनके पति जॉन भी उन्हें बच्चा ही मानते हैं, हालांकि कपल के अपने भी 2 बच्चे हैं। खुद जॉन भी बताते हैं कि वो अपनी पत्नी को 12-13 साल की बच्ची ही समझ बैठे थे। लव डोंट जज के पॉडकास्ट में बात करते हुए लिंडसे की मां ने बताया उन्होंने खुद जॉन से पूछा था कि वो कितने साल के हैं और क्या वो सिंगल हैं? इसके बाद उनकी शादी हो गई थी और पिछले 6 साल से दोनों एक साथ हैं। लिंडसे अपने दोनों बच्चों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। लोग उनकी तारीफ करने के बजाय भद्दे कमेंट करना शुरू कर देते हैं। कुछ लोग उनकी प्रेग्नेंसी पर कमेंट करते हैं तो कुछ लोग उनके पति की मंशा पर भी सवाल उठाते हैं। लोगों के कमेंट से परेशान होकर उनके पति ने बाहर जाना भी कम कर दिया है क्योंकि लोग उन पर पत्नी की उम्र को लेकर चिल्लाने तक लगते हैं। वो बात अलग है कि अपने दोनों बेटों के साथ कपल काफी खुश है।


# खोजने पर सबसे झूठा चेहरा पीएम का नजर आता है : बघेल

» बोले- मोदी जब लड़ नहीं सकते तो ईडी को सामने रख देते हैं

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरक्षण से लेकर ओबीसी जैसे मुद्दों और महादेव सट्टेबाजी ऐप पर भ्रष्टाचार के आरोपों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणियों को दोहराते हुए उन पर निशाना साधा। बघेल ने कहा कि अगर कोई सबसे बड़ा झूठा खोजता है, तो पीएम मोदी का चेहरा सामने आता है। उन्होंने कहा कि यह सब 17 नवंबर तक चलेगा। इसका आनंद लेना चाहिए। जब आप लड़ नहीं सकते तो ईडी को सामने रख देते हैं। बघेल ने कहा कि पीएम मोदी एक जिम्मेदार पद पर हैं और उन्हें सवालों का सामना करना होगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी छत्तीसगढ़ आकर मुझे गाली दे रहे हैं, झूठे आरोप लगा रहे हैं, मैं भी ओबीसी से हूं। जब वे गुजरात के सीएम थे तो उन्होंने संशोधन किया और ओबीसी में आ गये।

उन्होंने कहा कि आप जिम्मेदारी के सिंहासन पर बैठे हैं और आपको सवालों का जवाब देना होगा। आप जाति जनगणना क्यों नहीं करते? आप किस बात से भयभीत हैं? जब आलोचना होती है तो वह पीएम पद की होती है, किसी व्यक्ति विशेष की नहीं। बघेल की यह प्रतिक्रिया पीएम मोदी द्वारा कांग्रेस पर आजादी के बाद कई वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद ओबीसी समुदाय के लिए आरक्षण लागू नहीं करने का आरोप लगाने के बाद आई है। उन्होंने बघेल पर उनके बेटे, रिश्तेदारों और उनके प्रशासन के तहत अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों पर भी निशाना साधा। मोदी ने कहा था कि मैं कांग्रेस से कुछ सवाल पूछना चाहता हूं, महादेव सट्टेबाजी ऐप घोटाला 508 करोड़ रुपये का है और जांच एजेंसियों ने इस मामले में काफी नकदी बरामद की है। छत्तीसगढ़ के सीएम का एक करीबी भी जेल में है। कांग्रेस को बताना चाहिए कि इसमें सीएम को कितना पैसा मिला। साजिशकर्ता इसके अलावा और क्या कर सकते हैं? पीएम कहते हैं कि मैं छत्तीसगढ़ से चावल खरीदता हूं और लोग जानते हैं कि आप झूठ बोल रहे हैं। यह केवल जुमलेबाजी है। छत्तीसगढ़ की कुल 90 विधानसभा सीटों में से 20 पर मतदान 7 नवंबर को हुआ था। शेष 70 सीटों पर मतदान 17 नवंबर को होगा।




## गौ माता का श्राप, कांग्रेस साफ : अनुराग ठाकुर

भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर रायपुर दौरे पर कांग्रेस और सीएम बघेल पर जमकर हमला बोला। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि झूठे वादे, झूठे इरादे कांग्रेस के नहीं नेक इरादे। बहुत हुआ सट्टे का खेल बाय-बाय भूपेश बघेल। आगे अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने कोई भी वादा पूरा नहीं किया और न ही कुछ दिया। कांग्रेस की गारंटी और कांग्रेस दोनों फेल है। यहां तो गौठान घोटाला हुआ है। गौ माता का श्राप कांग्रेस साफ। महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले को लेकर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि महादेव ऐप घोटाले के बाद छत्तीसगढ़ के सीएम अपना चेहरा छिपा रहे हैं। ठाकुर ने आगे कहा कि जिस तरह दिल्ली के उपमुख्यमंत्री शराब घोटाले में नहीं बच पाए उसी तरह यहां भी कोई नहीं बच पाएगा। भाजपा नेता ने कहा कि गारंटी लेनी है तो पीएम मोदी की (दी हुई) गारंटी लीजिए। अनुराग ठाकुर ने सीएम बघेल पर हमला बोलते हुए कहा कि भूपेश बघेल और कांग्रेस



ने हिमाचल में भी कई वादे किए थे, वे भी फेल हुए हैं। कर्नाटक से लेकर हिमाचल तक इनकी गारंटी फेल हुई है, कोई वादा पूरा नहीं किया है। जैसे दिल्ली में घोटाले करने वाले जेल में है, वैसे यहां पर भी घोटाले करने वाले जेल जाएंगे। हमारी सरकार आएगी तो हम सरकार बनने के एक सप्ताह बाद ही 25 दिसंबर को किसानों को पैसा देंगे, ये मोदी की गारंटी है। अनुराग ठाकुर ने भाजपा के घोषणा पत्र की जानकारी दी और कहा कि गरीबों को आवास नहीं मिला, गरीबों का श्राप कांग्रेस साफ।


## राम सबके हैं, हम अयोध्या जाएंगे : राज बब्बर



कांग्रेस नेता, पूर्व सांसद और अभिनेता राज बब्बर ने पीसीसी मुख्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के मतदाता पर्चियों के साथ राम मंदिर के आमंत्रण बांटने पर उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा। राज बब्बर ने कहा कि राम सबके हैं। वह हमें आमंत्रण ना दें तब भी हम जाएंगे। हम दर्शन करने जाएंगे तो वे क्या कर लेंगे। क्या भगा देंगे राम सबके हैं? उन्होंने कहा कि राम का कोई इनविटेशन बांट रहा है। कोई आदमी बुद्धू नहीं है कि भगवान राम के यह आमंत्रण बांटे। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में हनुमान का सबसे बड़ा भक्त कमलनाथ है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी अयोध्या के राम मंदिर के लोकार्पण में जाएंगे इस सवाल पर कहा कि क्या आप सोचते है कि हम लोग सनातनी नहीं हैं। हम लोग सनातनी है। मध्य प्रदेश के मन में मोदी की थीम को लेकर पूछे सवाल पर राज बब्बर ने कहा कि मैं आप लोगों से दुआ करूंगा कि मोदी जी को मुख्यमंत्री मत बना लेना। इस प्रदेश के बहुत बुरे हाल होंगे। हारेगी।

## भूपेश बघेल आपके लिए बदला चुकाने का समय आ गया : सीएम हिमंत

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने छत्तीसगढ़ के राजिम में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा,उन्होंने (भूपेश बघेल) ने महादेव के नाम पर घोटाला किया, अब भगवान महादेव आपको नहीं छोड़ेंगे। भूपेश बघेल आपके लिए बदला चुकाने का समय आ गया है।



# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व मंत्री लाल सिंह की रिमांड बढ़ी

» ईडी की हिरासत में रहेंगे और पांच दिन

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

जम्मू। जम्मू की एक विशेष अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रदेश के पूर्व मंत्री लाल सिंह की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत और पांच दिनों के लिए बढ़ा दिया है। मंगलवार को चौधरी लाल सिंह को उनकी सात दिन की रिमांड की अवधि समाप्त होने पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया।

डोगरा स्वाभिमान संगठन पार्टी के अध्यक्ष लाल सिंह को एक विशेष अदालत द्वारा उनकी अग्रिम जमानत याचिका आगे न बढ़ाने के बाद सात नवंबर को सैनिक कॉलोनी में एक घर से गिरफ्तार कर लिया गया था। उनकी पत्नी और पूर्व विधायक कांता अंडोत्रा द्वारा संचालित एक शैक्षिक ट्रस्ट के खिलाफ एक मामले के सिलसिले में ईडी जांच कर रही है। विशेष लोक अभियोजक ने कहा कि लाल सिंह को उनकी सात दिन की रिमांड की अवधि समाप्त होने पर मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विशेष अदालत में पेश किया गया। अदालत के आदेश को पढ़ते हुए कहा, मामले की जांच प्रारंभिक चरण में है... आरोपी एक गंभीर और गैर-जमानती अपराध में शामिल है, उसे 14 से 18 नवंबर तक पांच दिनों की अवधि के लिए ईडी की हिरासत में भेजा गया है।

# कर्नाटक सरकार ने आगामी भर्ती परीक्षाओं में सिर ढकने पर लगाया प्रतिबंध

» मंगलसूत्र पहनने की दी अनुमति

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

बेंगलुरु। कर्नाटक परीक्षा प्राधिकरण (केईए) ने धांधली से बचने के लिए विभिन्न बोर्डों और कॉर्पोरेशन की भर्ती परीक्षाओं के दौरान परीक्षा हॉल में सभी तरह से सिर ढकने पर प्रतिबंध लगा दिया है, हालांकि, ड्रेस कोड स्पष्ट रूप से हिजाब पर प्रतिबंध नहीं लगाता है, आदेश में कहा गया है कि यह ब्लूटूथ डिवाइस का उपयोग करके परीक्षा में कदाचार को रोकने के प्रयास का हिस्सा है। इससे पहले 6 नवंबर को, कर्नाटक लोक सेवा आयोग की परीक्षा में बैठने वाली एक महिला को परीक्षा हॉल में



प्रवेश करने से पहले अपना मंगलसूत्र उतारने के लिए कहा गया था। हिंदुत्व समूहों के विरोध के बाद, केईए ने अब महिलाओं को परीक्षा हॉल में मंगलसूत्र और बिछिया पहनने की अनुमति दे दी है, जबकि अन्य आभूषणों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

इससे पहले अक्टूबर में कर्नाटक सरकार ने छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के दौरान हिजाब पहनने की इजाजत दी थी। उच्च शिक्षा मंत्री एमसी सुधाकर ने अभ्यर्थियों को हिजाब पहनकर परीक्षा केंद्रों में आने की अनुमति दी थी, जिसके बाद दक्षिणपंथी समूहों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया था। हालांकि, कुछ छात्रों द्वारा ब्लूटूथ डिवाइस के उपयोग की शिकायतों के बाद राज्य सरकार ने इस बार प्रतिबंध लागू करने का निर्णय लिया। राज्य सरकार ने 11 नवंबर को राज्य सीआईडी द्वारा उस घटना की जांच का आदेश दिया था, जिसमें कालाबुरागी और यादगीर परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों ने कथित तौर पर केईए द्वारा आयोजित परीक्षा में ब्लूटूथ डिवाइस का इस्तेमाल किया था।

# जोकोविच फिर बनाएंगे अनोखा रिकॉर्ड

» आठवीं बार सत्र के आखिर में नंबर वन रहेंगे

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लंदन। पिछले साल कार्लोस अलकाराज साल के अंत में शीर्ष पर थे। इस टूर्नामेंट के बाद जोकोविच 400 सप्ताह तक शीर्ष पर रहने वाले खिलाड़ी बन जायेंगे। रोजर फेडरर 310 सप्ताह तक शीर्ष पर रहे हैं। 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच ने होल्गर रूने को 7-6, 6-7, 6 -3 से हराकर आठवीं बार सत्र के आखिर में नंबर एक रैंकिंग हासिल करके अपने ही रिकॉर्ड को बेहतर किया।


जीत के बाद उन्होंने कहा कि यह काफी जज्बाती और कठिन जीत थी। काफी दबाव था और यह जीत



काफी मायने रखती है।'' जोकोविच ने दो साल पहले ही सर्वाधिक छह बार सत्र के आखिर में नंबर एक रहने का पीट सम्प्रास का रिकॉर्ड तोड़ा था। पिछले साल कार्लोस अलकाराज साल के अंत में शीर्ष पर थे। इस टूर्नामेंट के बाद जोकोविच 400 सप्ताह तक शीर्ष पर रहने वाले खिलाड़ी बन जायेंगे। रोजर फेडरर 310 सप्ताह तक शीर्ष पर रहे हैं। वह अगर अगले सप्ताह ट्रॉफी जीत जाते हैं तो फेडरर को पछाड़कर सात बार सत्र का आखिरी फाइनल जीतने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। वहीं यानिक ने स्टेफानोस सिटसिपास को 6- 4, 6 -4 से हराया।

## एटीपी फाइनल्स में ज्वेरेव व मेदवेदेव जीते

शीर्ष आठ खिलाड़ियों के सत्र के इस आखिरी टूर्नामेंट में 20 वर्ष के अलकाराज पिछले साल पेट में चोट के कारण नहीं खेल सके थे। दूसरे मैच में दानिल मेदवेदेव ने अपने दोस्त आंद्रेइ रूबलेव को 6-4, 6-2 से मात दी। नोवाक जोकोविच और यानिक सिनेर रविवार को अपने अपने प्रारंभिक दौर के मैच जीत चुके हैं। पिछले सत्र के आखिर में नंबर एक रहे कार्लोस अलकाराज एटीपी फाइनल्स में पदार्पण वर्ष में पहले मैच में दो बार के चैम्पियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव से 7-6, 3 -6, 4 -6 से हार गए। शीर्ष आठ खिलाड़ियों के सत्र के इस आखिरी टूर्नामेंट में 20 वर्ष के अलकाराज पिछले साल पेट में चोट के कारण नहीं खेल सके थे। दूसरे मैच में दानिल मेदवेदेव ने अपने दोस्त आंद्रेइ रूबलेव को 6-4, 6-2 से मात दी। नोवाक जोकोविच और यानिक सिनेर रविवार को अपने अपने प्रारंभिक दौर के मैच जीत चुके हैं।



# आदिवासियों के लिए कोई काम नहीं हुआ : सोरेन

» सीएम बोले- मुझे आदिवासी होने का गर्व है

» झारखंड के स्थापना दिवस पर पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

रांची। झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे आदिवासी होने का गर्व है। पूरे देश को इस कार्यक्रम से जोड़ा है। आदिवासी समाज सदियों से अपने हक अधिकार की लड़ाई लड़ता रहा है। दुर्भाग्य है कि आदिवासियों को उचित साथ इतिहासकारों ने नहीं दिया, नहीं कोई काम हुआ। अर्जुन मुंडा ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम झारखंड वासी, देश के जनजाति आह्लादित हैं कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उलिहातू आकर नया इतिहास रचा। पूरा देश आज भगवान बिरसा मुंडा की धरती से जुड़ा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर एक अद्भुत योजना की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि साढ़े बाइस हजार गांव के लिए जनजातीय न्याय अभियान 24 हजार करोड़ की योजना। 36 हजार आदि ग्राम विकास योजना से आदिवासी बहुल गांवों का विकास होगा। एकलव्य आवासीय विद्यालयों में 38 हजार शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हुई है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने परंपरागत शाल ओढ़ाकर प्रधानमंत्री को सम्मानित किया। वहीं केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भी सरना शाल भेंट किया। कार्यक्रम में भाग लेने से पहले पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर राज्य के स्थापना दिवस पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। झारखंड अपनी खनिज संपदाओं के साथ-साथ जनजातीय समाज के साहस, शौर्य और स्वाभिमान के लिए सुविख्यात रहा है। यहां के मेरे परिवारजनों ने देश की उन्नति में अपना अहम योगदान दिया है। राज्य के स्थापना दिवस पर मैं उन्हें अपनी शुभकामनाएं देता हूं, साथ ही प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।



## प्रधानमंत्री की जनसभा में काली शर्ट वालों को नहीं मिला प्रवेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उलिहातू सभा में लोगों का आना शुरू हो गया है। महिलाओं की लंबी कतार लगी है। लेकिन इस सभा कई चीजों को साथ ले जाने की सख्त मनाही है। लोगों को काली शर्ट और जैकेट पहनकर जाने पर एंट्री बैन रही। साथ में ही काला बैग और पानी की बोतल ले जाने की भी मनाही रही।

## पीएम मोदी ने बिरसा मुंडा की जन्मस्थली का किया दौरा

रांची। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को झारखंड के खूंटी जिले में स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू का दौरा किया और उनकी जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। उनकी जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद मोदी ने स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद किया। इसके बाद उन्होंने आदिवासी किंवदंती के वंशजों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने बिरसा मुंडा के जन्मस्थान की मिट्टी को पवित्र बताते हुए उससे 'तिलक' भी लगाया। उलिहातू का दौरा करने वाले पहले प्रधानमंत्री मोदी का स्थानीय लोगों ने ढोल और मांदर जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर नृत्य करते हुए गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। यात्रा के दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा भी मौजूद रहे। बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद मोदी ने स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद किया। इसके बाद उन्होंने आदिवासी किंवदंती के वंशजों से बातचीत की। पीएम ने बिरसा मुंडा के जन्मस्थान की मिट्टी को पवित्र बताते हुए उससे 'तिलक' भी लगाया। इसके बाद पीएम ने झारखंड में कई विकास योजनाओं की शुरुआत की । आइआइएम रांची और ट्रिपल आइटी के भवनों का ऑनलाइन उद्घाटन भी किया।

# राजद सुप्रीमो पर केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय का पलटवार

» कहा- लालू जी! मेरी पत्नी राजनीति में नहीं है, मैं वंशवाद विरोधी हूं

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



पटना। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री और बीजेपी नेता नित्यानंद राय ने लालू यादव के तो क्या उनकी पत्नी को सीएम बनाता का बुधवार को जवाब दिया। लालू पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए नित्यानंद राय ने कहा कि मैंने लालू यादव से अनुरोध किया कि जब वह जेल जा रहे थे तो वह अपनी पत्नी को सीएम बनाने की बजाय यादव समुदाय के किसी अन्य सक्षम नेता को बिहार का मुख्यमंत्री बना सकते थे।

उन्होंने अपनी पत्नी को क्यों चुनाव वे वंशवादी राजनीति में विश्वास करते हैं, मैं नहीं... उन्हें राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री नहीं बनाना चाहिए था। लालू पर पलटवार करते हुए नित्यानंद राय ने कहा कि मेरी पत्नी राजनीति में नहीं हैं, हम वंशवाद की राजनीति में विश्वास नहीं करते हैं। यह आप (लालू यादव) हैं, जिनका पूरा परिवार राजनीति करता है।

# सहारा इंडिया प्रमुख का अंतिम संस्कार कल

» आज तीन बजे लखनऊ आएगा पार्थिव शरीर

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क




लखनऊ। सहारा श्री सुब्रत रॉय का मुंबई के एक अस्पताल में मंगलवार की रात निधन हो गया है। वह गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। बीते कुछ महीनों से उनका इलाज चल रहा था। आज उनका पार्थिव शरीर लखनऊ लाया जाएगा। लखनऊ में ही उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी जाएगी। वह एक गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। मुंबई के निजी अस्पताल में बीते कुछ महीनों से उनका इलाज चल रहा था। सहारा समूह की तरफ से जारी प्रेस नोट में उनकी मौत की वजह बताई गई है।

मृत्यु की वजह कार्डियोरेस्पिरेटरी अरेस्ट बताई गई है। इसके अलावा सहारा श्री हाइपर टेंशन और बीपी के मरीज भी बताए गए हैं। सुब्रत रॉय का पार्थिव शरीर विशेष विमान से करीब साढ़े तीन बजे अमौसी एयरपोर्ट पहुंचेगा। शाम पांच बजे के आसपास पार्थिव शरीर गोमती नगर स्थित सहारा सिटी में लोगों के दर्शन के लिए रखा जाएगा। सहारा समूह से जुड़े हुए गुलाम जीशान ने बताया कि कल सुबह तक शव लोगों के दर्शन के लिए वहां रखा जाएगा। ऐसी उम्मीद है कि सहारा समूह से जुड़े हुए देश भर के कर्मचारी बड़ी संख्या में वहां पहुंच सकते हैं। गुरुवार को गोमती नगर के बैकुंठ धाम में सहारा श्री का अंतिम संस्कार किया जाएगा। अंतिम संस्कार का समय कल ही तय किया जाएगा। अखिलेश यादव ने ट्वीट कर सुब्रत राय के निधन पर दुख प्रकट किया। सहारा श्री सुब्रत रॉय जी का निधन उत्तर प्रदेश और देश के लिए भावात्मक क्षति है क्योंकि वो एक अति सफल व्यवसायी के साथ-साथ एक ऐसे अति संवेदनशील विशाल हृदयवाले व्यक्ति भी थे जिन्होंने अनगिनत लोगों की सहायता की उनका सहारा बने।

## सीएम योगी व अखिलेश ने जताया शोक

सहारा समूह के प्रमुख श्री सुब्रत रॉय के निधन पर यूपी के सीएम योगी व विपक्ष के नेता अखिलेश यादव ने शोक जताया है। दोनों नेताओं ने कहा अत्यंत दुःखद है। भगवान दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान दे।

# दिल्ली की हवा और हुई जहरीली

## हृदयरोगों का खतरा भी बढ़ा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



**एक्यूआई गंभीर श्रेणी के करीब पहुंची**

नई दिल्ली। प्रदूषण के विभिन्न स्रोतों के योगदान की पहचान करने के लिए पुणे स्थित भारतीय ऊष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान द्वारा विकसित एक प्रणाली के अनुसार, मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण में पराली जलाने की घटनाओं की हिस्सेदारी 12 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय राजधानी के आसमान में छाई जहरीली धुंध की चादर बुधवार को घनी हो गई और मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच हवा की गुणवत्ता एक बार फिर ''गंभीर'' श्रेणी के करीब पहुंच गई।

दिल्ली में बुधवार को सुबह आठ बजे समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 392 दर्ज किया गया। शहर में हर रोज शाम को चार बजे रिकॉर्ड किया जाने वाला 24 घंटे का औसत एक्यूआई मंगलवार को 397, सोमवार को 358 और रविवार को 218 था। पड़ोसी गाजियाबाद (एक्यूआई 362), गुरुग्राम (322), ग्रेटर नोएडा (312), नोएडा (364) और फरीदाबाद (369) में भी वायु गुणवत्ता बहुत खराब दर्ज की गई। वायु गुणवत्ता की निगरानी में विशेषज्ञता रखने वाली स्विस कंपनी आईक्यूएयर के मुताबिक, मंगलवार को दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में दिल्ली पहले स्थान पर, ढाका दूसरे, लाहौर तीसरे और मुंबई चौथे स्थान पर थी। डॉक्टरों का कहना है कि दिल्ली की दूषित हवा में सांस लेना एक दिन में लगभग 10 सिगरेट पीने के हानिकारक प्रभावों के बराबर है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक उच्च स्तर के प्रदूषण के संपर्क में रहने से अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) जैसी श्वांस संबंधी समस्याएं हो सकती हैं और हृदयरोगों का खतरा भी बढ़ सकता है।

## मजदूरों के विरोध प्रदर्शन के बीच टनल से श्रमिकों को बाहर निकालने का काम जारी

उत्तरकाशी। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिलक्यारा से डंडालगांव के बीच निर्माणाधीन सुरंग में बीते रविवार तड़के हुए हादसे में तकरीबन 40 मजदूर फंसे हैं। मजदूरों को बचाने रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है, तकनीकी विशेषज्ञों का कहना है कि आज बुधवार को मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जाएगा। पिछले एक घंटे मजदूरों का विरोध प्रदर्शन जारी है। कंपनी से जुड़े कई अधिकारी मजदूरों को समझाने के लिए पहुंचे, लेकिन वार्ता विफल रही। बैकअप में दूसरी मशीन नहीं रखने और रेस्क्यू काम में ढिलाई बरतने का आरोप लगाते हुए सुरंग के बाहर आक्रोशित मजदूर प्रदर्शन कर रहे हैं। मजदूरों का कहना है कि बैकअप में दूसरी मशीन तैयार रखनी चाहिए थी। गत रविवार सुबह साढ़े पांच बजे यमुनोत्री हाईवे पर निर्माणाधीन 4.5 किमी लंबी टनल में भारी भूस्खलन हुआ था। जिससे सुरंग निर्माण में लगे 40 मजदूर फंसे हुए हैं। उन्हें बाहर निकालने के लिए विभिन्न एजेंसियां राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई हैं।




स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक संजय शर्मा द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। संपादक - संजय शर्मा, विधि सलाहकार: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, वित्तीय सलाहकार: संदीप बंसल, कार्टूनिस्ट: हसन जैदी, दूरभाष: 0522- 4078371 । Email: daily4pm@gmail.com । website: www.4pm.co.in ।
RNI-UPHIN/2015/62233 डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।